उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया –

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/ गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 02.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित हुयी पुलिस टीम ने थानास्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 34/2023 धारा 302 भा0द0वि0 से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्त क्रमशः 1.आदर्श उर्फ छन्नू द्विवेदी पुत्र दीपप्रकाश द्विवेदी नि0मु0 रानीलक्ष्मी बाई नगर कस्वा व थाना कबरई जिला महोबा 2.प्रांजल त्रिवेदी पुत्र चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी नि0मु0 विवेक नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा को थानाक्षेत्र अन्तर्गत मकरबई मोड से पुलिस हिरासत में लिया गया, दौराने जामा तलाशी अभियुक्त आदर्श उर्फ छन्नू उपरोक्त के कब्जे से घटना से सम्बन्धित आला कत्ल 01 अदद 312 बोर तमंचा मय खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त वाहन **XUV 300** बरामद की गयी । अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1-प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह
2-निरीक्षक अपराध श्री यशवन्त सिंह 3- उ0नि0 राशिद अली
4-का0 जयप्रकाश यादव 5-म0का0 मंजूलता

## बरामदगी का विवरण-

**1-** आलाकत्ल 01 अदद तमंचा 312 बोर मय 01 अदद खोखा कारतूस ।
**2-** घटना से सम्बन्धित वाहन **XUV-300** काले रंग की ।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 02.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों/थाना प्रभारियों के साथ आयोजित की गयी गोष्ठी, दिये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 02.03.2023 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री विपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में होली पर्व, शब-ए-बारात त्यौहारों को जनपद महोबा में शान्तिपूर्ण सकुशल वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु गोष्ठी आयोजित की गयी।

गोष्ठी में डीआईजी महोदय द्वारा गोष्ठी में होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व को सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा कर त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये।

महोबा के समस्त थानों में आयोजित हुयी पीस कमेटी की बैठकों की समीक्षा की गयी, त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर पूर्व में हुये विवादों एवं क्षेत्र में प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर पैनी नजर रखने, भांग की दुकानों का सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किये जाने के निर्देश दिये। होलिका दहन समिति के सदस्यों से संवाद बनाये रखें, महत्वपूर्ण स्थलों में पुलिस बल के लगातार भ्रमणशील रहने तथा शहर के पर्यटन स्थलों, मन्दिर/मस्जिद में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किये जाने, सभी थानों में गठित एण्टीरोमियो टीमें त्यौहार के दौरान भ्रमणशील रहने सम्बन्धी कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल सहित जनपद महोबा के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 02.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उन सभी समस्याओं का समाधान थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित करें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/ गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 02.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी निरीक्षक अपराध श्री गोपालचन्द्र कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व शान्ति व्यवस्था, तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान मु.अ.सं.- **438/22** धारा **3(1)** गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त बच्चा उर्फ देवेन्द्र वर्मा पुत्र लखनलाल फाटा उम्र **20** वर्ष निवासी मु. नयापुरा नैकाना थाना कोतवाली महोबा को थाना क्षेत्र के शुक्रवारी बाजार महोबा से गिरफ्तार किया गया, नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त गिरफ्तार अभियुक्त को मां. न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

**1.** निरीक्षक अपराध श्री गोपालचन्द्र कनौजिया

**2.** का. मुकेश सिंह **3.** का. अजीत सिंह

### वाँछित अभियुक्त बच्चा उर्फ देवेन्द्र वर्मा का अपराधिक विवरणः-

1. मु.अ.सं.- **438/22** धारा **3(1)** गैंगस्टर एक्ट
2. मु0अ0सं0 059/2022 धारा 380/411 भा.द.वि.
3. मु0अ0सं0 227/2022 धारा 380/411/457



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।





आज दिनांक **02.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **68** ई-चालान किये गये ।

महोबा पुलिस